आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

04.06.2024 समय : 1850

- अटठारहवीं लोकसभा के गठन के लिए आज देशभर में मतगणना की जा रही है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में मतगणना का कार्य किया गया।
- भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और तीन बार के पूर्व सांसद बिष्णु पद रे ने निर्णायक बढ़त बना ली है।
- राष्ट्रीय स्तर पर ताजा रूझानों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एन डी ए दो सौ इक्यानब्बे सीटों पर आगे चल रही है और इंडी गठबंधन दो सौ तैंतीस सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

<><><><><><><>

अटठारहवीं लोकसभा के गठन के लिए आज देशभर में मतगणना की जा रही है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र सीट के लिए जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र में मतगणना का कार्य किया गया। इस बार के चुनाव में कुल बारह उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के अलावा क्षेत्रीय दल के उम्मीदवारों के साथ पांच निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे है इनमें दो महिलाएं भी है। सुबह आठ बजे मतगणना का कार्य आरंभ हुआ। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और तीन बार के पूर्व सांसद बिष्णु पद रे पहले राउंड से ही अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। पहले दौर की मतगणना के बाद वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा से चार हजार आठ सौ से अधिक मतों से आगे चल रहे थे। दोपहर तक भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बिष्णु पद रे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कुलदीप राय शर्मा से सोलह हजार नौ से अधिक वोटो से आगे चल रहे थे। शाम तक डाक मतपत्रों की भी मतगणना की गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के बिष्णु पद रे को दौ सौ चौवन वोट, जबकि कुलदीप राय शर्मा को दो सौ ग्यारह वोट मिले। मनोज पॉल को अट्ठारह, डी. अय्यप्पन और वी. के अब्दुल अज़ीज़ को आठ–आठ, डॉ. अरूण कुमार मल्लिक को पांच, के जे बी सेल्वाराज और रिंकु माला मंडल को तीन–तीन, सलामत मंडल और उषा कुमारी को दो–दो और के. वेंकट राम बाबू को डाक मतपत्र में एक वोट मिला। नोटा में सात वोट पड़े। तिरासी वोट रद्द हुए। शाम पांच बजे बारहवें राउंड के समाप्त होते–होते भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बिष्णु पद रे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कुलदीप राय शर्मा से तीस हजार वोटों से आगे चल रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और तीन बार के पूर्व सांसद बिष्णु पद रे ने निर्णायक बढ़त बना ली है। पन्द्रह राउंड की मतगणना की समाप्ति के बाद श्री बिष्णु पद रे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार और वर्तमान सांसद कुलदीप राय शर्मा से चौबीस हजार से अधिक वोटों से आगे हैं।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में मतगणना केन्द्र में मतगणना का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। परिणामों की अधिकारिक रूप से घोषणा करने में कुछ और समय लग सकता है। आइए चलते हुए जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मतगणना केन्द्र और जानना चाहेंगे वहां पर मौजूद हमारे संवाददाता राकेश चन्द्र लाल से कि कब तक चुनाव परिणाम की अधिकारिक रूप से घोषणा कर दी जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्तर पर ताजा रूझानों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एन डी ए दो सौ इक्यानब्बे सीटों पर आगे चल रही है और इंडी गठबंधन दो सौ तैंतीस सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। अकेले भारतीय जनता पार्टी को दो सौ चालीस सीट हासिल हुए हैं, जबकि कांग्रेस को निन्यानब्बे सीट प्राप्त हुए हैं।

<><><><><><><>